दैनिक जागरण 22/01/2026

चित्रकला में रितेश और रंगोली में मनीषा अव्वल

जीएमएन कालेज में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के सहयोग से आयोजित सरस्वती महोत्सव–2026 के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। चित्रकला प्रतियोगिता का संयोजन भारती शर्मा एवं निकांशी द्वारा किया गया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता का संयोजन प्रियंका बल दिया ने किया। चित्रकला में रितेश ने प्रथम स्थान, प्रिंस ने द्वितीय स्थान तथा नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में मनीषा गौतम ने प्रथम स्थान, हिमानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि सरस्वती महोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा एवं सृजनात्मक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।